Title: Re: Train Stoppage at Sanchi Railway Station.

श्री रमाकान्त भार्गव (विदिशा): धन्यवाद सभापति महोदय। मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा के अंतर्गत रेलवे स्टेशन सांची है, जो ऐतिहासिक दृष्टि से बौद्ध धर्म का प्रमुख स्थल है। यहां पर बौद्ध धर्म के अनुयायी देश-विदेश से आते हैं। अत: सांची रेलवे स्टेशन पर विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11271/11272 का स्टॉपेज करने की मांग है।

इसी प्रकार मेरे क्षेत्र के गंजबासौदा शहर में प्रयागराज ट्रेन संख्या 14115/14116 का स्टॉपेज न होने से यहां के निवासियों को धार्मिक कार्य हेतु प्रयागराज जाने में असुविधा हो रही है। अत: आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि सांची रेलवे स्टेशन पर विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11271/11272 कोरोना-काल के पूर्व परिचालन में चल रही ट्रेन का स्टॉपेज यथावत रखा जाए। इसके साथ ही मेरा अनुरोध है कि गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज ट्रेन सखं्या 14115/14116 का स्टॉपेज कराया जाए। धन्यवाद।